## जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद अमरोहा) के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 25–08–2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक **25.08.2025** को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद अमरोहा में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

- श्री अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
- इं0 चन्द्रहास अधिशासी अभियन्ता ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री नरेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री शहरोज आरिफ, सहायक अभियन्ता (SWSM), ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री पंकज सिन्हा, जी0एम0 फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–जेवी, मुरादाबाद।
- श्री सत्येन्द्र यादव, पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली।
- श्री फैजान, डी0पी0एम0 मै0 एल0सी0 इन्फ्रा।
- श्री प्रभाकर सिंह डी0सी0 डी.पी.एम.यू0 अमरोहा।
- श्री मनोज धाकड़ डी0पी0एम टी.पी.आई अमरोहा।

समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–

1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–

मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।

- फर्म को आवंटित 312 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा 187 नग के सापेक्ष 187 नग (312 राजस्व ग्राम) डी0पी0आर0 के कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 184 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 184 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 184 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 1326.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक दिनांक 22.07.2025 तक 1302 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 25.08.2025 तक 1304 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। लगभग 34 दिवस में 2.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य किया गया है, जोकि अत्यन्त खेदजनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 सितम्बर 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 90504 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 85304 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 85983 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 34 दिवस में 679 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं (औसतन 20 नग प्रतिदिन), जो अत्यन्त कम हैं। बचे हुए गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 सितम्बर 2025 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 187 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 83 नग OHT के कार्य पूर्ण थे, वर्तमान में 84 नग OHT Complete व 98 नग पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार 34 दिवस में 01 नग OHT पूर्ण किया गया है। 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत पूर्ण 23 नग ओ.एच.टी. में से 01 ओ0एच0टी0 पूर्ण किये गये, जोकि अत्यन्त खेद जनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि 20 सितम्बर 2025 तक 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक 23 नग ओ.एच.टी. में से 50 प्रतिशत का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 181 नग पम्प हाउस पूर्ण थे, 01 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 181 पम्प हाउस पूर्ण व 02 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 34 दिवस में फर्म द्वारा कोई पम्प हाउस का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। दिनांक 20 सितम्बर 2025 तक अवशेष पम्प हाउस के सभी कार्य पूर्ण करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया।
- गत बैठक दिनांक 22.07.2025 तक 103 के सापेक्ष 89 सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। वर्तमान तक 90 सोलर पैनल का कार्य पूर्ण है। फर्म को गत बैठक में समस्त कार्य माह जुलाई 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित

Scanned with CamScanner

2— जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:—
मै0 एल0सी0 इन्फा

- फर्म को आवंटित 05 नग राजस्व ग्राम, 05 नग DPR के सापेक्ष शत—प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- गत बैठक में फर्म द्वारा सभी 05 नलकूप का कार्य पूर्ण किया था।
- 31.00 कि0मी0 के सापेक्ष 28.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।
- 1990 नग के सापेक्ष 1430 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 04 पर कार्य प्रगति पर हैं।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री फैजान फारूकी को निर्देशित किया गया कि प्रगति संतोषजनक नहीं है एवं टाईम लाइन के विपरीत है। 02 पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण करते हुये अपनी चार पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- जिन योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण हो गये हैं, उनमें ऑटोमेशन—इन्टीग्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

3— जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 3:—
<u>मै0 ओ.एम.आई.एल.—जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) न्यू देहली :—</u>

- फर्म को आवंटित 567 नग राजस्व ग्राम, 303 नग DPR के सापेक्ष शत—प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं एवं स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 303 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 305 नलकूप के सापेक्ष 303 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 303 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 2486.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक तक 2449.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 25.08.2025 तक 2450.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं। 34 दिवस में 1.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं, जो अत्यन्त कम है। टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 सितम्बर 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 151719 नग गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 152503 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 34 दिवस में 784 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं फर्म को निर्देशित किया गया कि अवशेष गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 सितम्बर, 2025 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 180 नग OHT के कार्य प्रगति पर एवं 116 नग अवर जलाशय पूर्ण थे। वर्तमान में 179 OHT पर कार्य प्रगति पर है, 117 नग OHT का कार्य पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये हैं, उन योजनाओं को 20 सितम्बर, 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 267 के सापेक्ष 231 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण था, वर्तमान में 232 पूर्ण हैं व 02 पर कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि माह सितम्बर 2025 तक अपनी सभी सोलर आधारित पेयजल योजनाओं में सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

<u>सभी फर्मों एवं (TPI) & (DPMU) हेतु Common दिशा—निर्देश:—</u>

- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फैज—2 व 3 की सभी फर्मो को निर्देशित किया गया कि अपने कार्यों को चार श्रेणियों में बांट कर क्रमशः 1— जो योजनाएं कैम्पस डेवलपमेंट एवं शिरोपरि जलाशय सहित पूर्ण हो गयी हैं, 2— जिन योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य अवशेष एवं अन्य सभी कार्य पूर्ण हैं, 3— जिन योजनाओं की पेयजलापूर्ति चालू है परन्तु जल कल परिसर विकास एवं सड़क पुर्नस्थापन का कार्य अवशेष

Scanned with CamScanner

है, 4– जिन योजनाओं के ओ.एच.टी. निर्माण कार्य एवं जलापूर्ति अवशेष है, 5– विवादित योजनाओं की सूची विवाद के विवरण सहित उक्त बिन्दुओं के अनुसार बुकलेट तैयार कर मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

- मैसर्स आरवी एसोसिएटस (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) मुरादाबाद के प्रतिनिधि श्री मनोज कुमार धाकड़ डी०पी०एम टी.पी.आई अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज 2 व फेज 3 में मै० पी०एन०सी०–जेवी, मुरादाबाद, मै० एल०सी० इन्फ्रा एवं मै० ओ.एम. आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे०वी०) नई दिल्ली आदि फर्मो द्वारा विभिन्न पेयजल योजनाओं के कराये जा रहे निर्माण कार्य मानक के अनुसार (as per norms) चेक करना सुनिश्चित करें एवं मुख्य विकास अधिकारी को सड़क पुर्नस्थापन की गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुये पेयजल योजना की सड़क पुर्नस्थापन की जीपीएस लोकेशन की फोटो उपलब्ध कराते हुयें सभी पेयजल योजनाओं में ग्राम की सीमा के प्रारम्भ से अन्त तक पेयजलापूर्ति, गृह जल संयोजन में पेयजलापूर्ति का प्रेशर चैक कराना सुनिश्चित करें।
- मैसर्स आरवी एसोसिएटस (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) मुरादाबाद के प्रतिनिधि श्री मनोज कुमार धाकड़ डी०पी०एम टी.पी.आई अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी आगनबाड़ी केन्द्रो, सभी राजकीय भवनो एवं राजकीय संस्थानो में जांच कर सूची उपलब्ध कराये कि कितने राजकीय भवनो में पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है एवं कितने राजकीय भवन पेयजल से अवशेष हैं।
- सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में सबसे अधिक गृह जल संयोजन होने अवशेष हैं उन 10 ग्रामों की सूची उपलब्ध करायें।
- श्री प्रभाकर सिंह, डी०सी० डी०पी०एम०यू० अमरोहा (मै० मेधज प्रा०लि० लखनऊ) को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि, ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विवाद को सम्बन्धित SDM से Coordinate कर समाप्त कराना, जल सखी, आई०एस०ए० द्वारा पानी की गुणवत्ता ग्रामवासियों की उपस्थिति में चैक कराना, जल की गुणवत्ता एवं पानी के लाभों का प्रचार प्रसार तथा पानी के बचाव के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें।
- फर्म मै० पी०एन०सी०–एस०पी०एम०एल० के प्रतिनिधि श्री पंकज सिन्हा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि 30 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण करते हुए आगामी बैठक में पेयजलापूर्ति का ऑटोमेशन इन्टीग्रेशन ऑनलाइन दिखाना सुनिश्चित करें एवं शेष 40 योजनाओं में अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- अधोस्ताक्षरी द्वारा सभी फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित सभी कार्य पूर्ण करने तथा अवर जलाशय एवं पम्प हाउस से नियमित क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा जो सड़क पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी है, उनको 20 सितम्बर 2025 तक प्रत्येक दशा में मोटरेबल करा दिया जाये तथा जिन योजनाओं में पाइप लाइन/गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण हो गया है, उनमें सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये एवं उनकी सूची जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए टी०पी०आई० द्वारा गुणवत्ता की जांच कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया है कि जिन ग्रामो में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामो में लीकेज होती है तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत कराते हुए पेयजलापूर्ति करायें।
- सभी फर्मो एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजना के कार्य पूर्ण हो गये हैं एवं सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण हो गया है, उन पेयजल योजनाओं की जाँच सम्बन्धित BDO से कराना सुनिश्चित करें एवं आगामी बैठक में इस हेतु की आख्या प्रस्तुत करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी ISA Agenies एवं डी०सी०, डी०पी०एम०यू० को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रचार–प्रसार हेतु किसी सार्वजनिक स्थल पर एवं मानक के अनुरूप (as per Norms) किसी सार्वजनिक स्थल जैसे प्राथमिक पाठशाला, सचिवालय आदि पर बैठक कराना सुनिश्चित करें।
- सी०सी० एवं सी०सी० टाइल्स व बी०ओ०ई० रोड की जांच टी०पी०आई० से करने हेतु निर्देश दिये गये।
- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि विधानसभा से सम्बन्धित माननीय जनप्रतिनिधियों को जू०ई०, सहायक अभियन्ता, टी०पी०आई० एवं सम्बन्धित फर्म के हस्ताक्षर उपरान्त सूची 03 दिवस मे उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with CamScanner

- अधोहस्ताक्षरी द्वारा डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि पानी समिति एवं एफ0टी0के0 महिलाओं की प्रमाणित सूची जल निगम(ग्रामीण) कार्यालय को उपलब्ध करायें। तदोपरान्त सम्बन्धित जू0ई0 एवं सहायक अभियन्ता द्वारा उक्त सूची की जांच करना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा कम से कम 5 नग पेयजल योजनाओं का निरीक्षण कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि सभी 13 प्रशिक्षको को पुनः प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि विद्युत आधारित पेयजल योजनाओं में से जिनमें विद्युत कनेक्शन लम्बित है, की सूची प्राप्त कर सम्बन्धित विभाग को पत्र प्रेषित करें।

(निधि गुप्ता वत्स)
जिलाधिकारी,
अमरोहा

## कार्यालय जिलाधिकारी अमरोहा

पत्रांकः- 4504 /JJM-AMRO / 240 दिनांक 08/09/25

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।

2– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।

3– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।

4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।

5– मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।

6– अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय (सिविल एवं वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अमरोहा को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित जू0ई0, पी.एम, टी.पी.आई0 अमरोहा एवं डी0सी0 डीपीएमयू0 अमरोहा को गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने हेतु निर्देशित करें।

7– समस्त कार्यदायी ऐजेन्सियां (जल जीवन मिशन से सम्बन्धित) जनपद अमरोहा।

8– समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी, जनपद अमरोहा।

जिलाधिकारी,
अमरोहा

Scanned with CamScanner